दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

## वन विभाग के दैनिक वेतन भोगियों का 6 माह से वेतन लटका

**नवरात्रि दशहरा के बाद दिवाली भी नही मना पायेंगे**

सारंगढ़। गोमर्डा अभ्यारण एवं सामान्य वन मण्डल में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को इन दिनो आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दैनिक दिनचर्या की आवश्यक वस्तुओं को उधारी में लेकर अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं जिनके वेतन के संबंध में वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी जो अपना वेतन हर महिने समय में बैंक से उठा लेते हैं लेकिन इन गरीब दैनिक मजदूरों को विगत 6 माह से वेतन दिलाने कोई प्रयास नही किया जा रहा है जिससे दैनिक वेतन भोगी उदास नजर आ रहे हैं ज्ञातव्य है कि इन दैनिक कर्मियों को कैम्पा मद एवं वन विकास योजना के तहत भुगतान करने राशि आंबंटित होती है जिसका भुगतान इनकों किया जाता है लेकिन सारंगढ़ के कर्मचारियों 6 माह से जबकि रायगढ़ के दैनिक वेतन भोगियों को 3 माह से वेतन लंबित है ऐसे में सारंगढ़ एवं बरमकेला विकास खण्ड में कार्यरत लोगों को 6 माह से लंबित होना और उस पर अधिकारियों का ध्यान न दिया जाना समझ से परे है किन्तु इन गरीब वर्ग के दैनिक कर्मियों को अपने परिवार व बच्चों के सामने हीन भावना से ग्रसित होना पड़ रहा है जैसा कि विदित है कुछ दिन पहले नवरात्रि उत्सव एवं दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया लेकिन इनके परिवार में बच्चे मायूस थे दैनिक कर्मचारी दिवाली में अच्छा फटाका एवं कपड़े खरीद देने की दिलासा देकर बच्चों को शांत कराया लेकिन अब दिपावली का त्यौहार भी महज कुछ दिन ही रह गये है ऐसे में विभाग जो इनके वेतन के लिए आबंटन मिलने का इंतजार कर रही है शासन से आबंटन नही मिला तो वेतन नही दे पायेगे और दैनिक वेतनभोगी परिवार सबसे बड़े पर्व दीवाली में अपने घर को दीपक से रौशन नहीं कर पायेंगे।

## जांजगीर से रायपुर आ रही महिला के ट्रेन में छूटा 2 लाख रुपए

रायपुर. जांजगीर से रायपुर आ रहे एक दंपत्ति ने लिंक एक्सप्रेस में कल ट्रेन में ही 2 लाख रुपए छोड़ दिए.



शशि कपूर उपाध्याय अपनी पत्नी के साथ गाड़ी संख्या 18517 द्वारा जांजगीर से रायपुर तक यात्रा कर रायपुर पहुंचे. अपनी पत्नी के साथ वह रायपुर उतरकर टैक्सी में बैठकर घर की ओर रवाना हुए रास्ते में उसे याद आया कि उनकी पत्नी का लेडीज पर्स ट्रेन में ही छूट गया है. इसमें सबसे अहम बात ये है कि जो पर्स ट्रेन में छुटा है उसमें दो लाख रुपए नगद थे. ट्रेन में मौजूद यात्री ने वो पर्स आरपीएफ के आरक्षक अखिलेश कुमार को सौंप दिया. वे उस बैग को लेकर आरपीएफ पोस्ट रायपुर पहुंचकर टीआई दीवाकर मिश्रा को दे दिया. बैंग की जांच में पता चला कि बैग में 2 लाख रुपए नगद है. थोड़ी देर में वहां वह यात्री भी पहुंच गए जिसका वह बैग था.

आरपीएफ ने उक्त यात्री की पूरी कागजी कार्रवाई करने के बाद उन्हें वो बैग सकुश लौटा दिया, जिससे यात्री की आंखे भर आई.

यात्री ने कहा कि ये पैसे उनकी वर्षों की मेहनत की कमाई के है और घर में बड़े भाई का देहांत होने के बाद वे इन पैसों से घर में कार्यक्रम करने के लिए पैसे जांजगीर से रायपुर ला रहे थे, जो हड़बड़ट में ट्रेन में ही छुट गए. आरपीएफ अधिकारी अब उस आरक्षक को सम्मान करने की तैयारी कर रहा है जिसने यात्री को 2 लाख रुपए के इस नगदी वाले बैग को सकुशल लौटाने में यात्री की मदद की.

## भाजपा प्रत्याशी वरिष्ठ पत्रकार रोशनलाल अग्रवाल से एबीपीएसएस पत्रकारों ने सौजन्य मुलाकात की

**आधे घण्टे की परिचर्चा में अपने पत्रकार जीवन के संघर्ष के अलावा पत्रकार सुरक्षा कानून बिल को समर्थन देने की बात कही**

**(न्याय साक्षी ब्यूरो-नितिन सिन्हा)**

रायगढ़। जिले में जहां एक ओर चुनावी माहौल पूरे ताप पर है, तो दूसरी ओर सभी चुनाव प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष-विपक्ष के लोगों को अपने हित के हिसाब से सेट करने में लगे हैं। वहीं इन सभी चुनावी जोड़-तोड़ से अलग मूलतः निष्पक्ष पत्रकारिता के क्षेत्र से खुद को राजनीति में स्थापित करने वाले भाजपा के ऊर्जावान जमीनी कार्यकर्ता एवं रायगढ़ विधानसभा से वर्तमान भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल अग्रवाल से कल दिनांक 28 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे भाजपा कार्यालय में जिला एवं विधामसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के सदस्य पत्रकार गणों ने सौजन्य मुलाकात की एवं उन्हें वापस रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनकर आने की शुभकामनायें दी।



भाजपा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ पत्रकार रोशनलाल अग्रवाल से मुलाकात करने वाले अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के पत्रकारों में में वरिष्ठ अधिवक्ता तथागत श्रीवास्तव (दैनिक न्याय साक्षी), अक्षय स्वर्णकार (जिला सचिव), निमेश पांडे (मीडिया प्रभारी), सैय्यद अबरार (खबर-सार), मो. राशिद (जो. छत्तीसगढ़) अशोक महन्त (आईएमएन), संगीता महन्त (दै. स्याही की ताकत), मनोहर दास (खबर-सार), बी.पी. विश्वकर्मा (मजदूर-वाणी), यु. तिवारी (अभी तक) सत्यम शर्मा, नरेश चौहान (आईएनएन), धीरज बरेठ (एसटीआर न्यूज), दिनेश जोल्हे (न्यूज 29),चन्द्रिका भास्कर (टीएनए), राजेश चौहान(छग 24),सन्तोष (आईएनएन) नितिन सिन्हा (सम्पादक खबर सार) व अन्य शामिल थे.

## दो अभ्यर्थियों ने किए नाम निर्देशन फार्म जमा

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 के लिए नाम निर्देशन फार्म जमा करने वालों में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ से जगदीश मेहर एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया से उमेश पटेल शामिल है। नाम निर्देशन फार्म प्राप्त करने वालों में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा अनुसूचित जनजाति से तारिका तरंगिनी, सत्यानंद राठिया, सुनील मिंज एवं चक्रधर प्रसाद सिंह शामिल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ से नजिर अहमद, श्याम भोजवानी, ऋषिकुमार, मधुबाई, विभाष कुमार सिंह, विजय कुमार अग्रवाल, गोविन्द नारायण दुबे, नुरूल शम्स, बालमकुन्द नायक एवं महेश खोब्रागढ़े, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 अनुसूचित जाति से केराबाई मनहर, उत्तरी जागड़े, संतोष चौहान, नीलकंठ वारे, पदमा मनहर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18 खरसिया से हरिश कुमार राठौर एवं सकरामती सिदार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19 धरमजयगढ़ अनुसूचित जनजाति वर्ग से जयसिंह सिदार, लालजीत सिंह राठिया एवं लीनव राठिया शामिल है।

## दिव्य शक्ति का सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का हुआ समापन

**70 से अधिक महिलाओं ने 01 माह तक लिया हिस्सा**



रायगढ़। छत्तीसगढ़ की एकमात्र समाजसेवी संस्था दिव्य शक्ति द्वारा आयोजित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण व सिलाई प्रशिक्षण का समापन कल संजय मैदान में हुआ। जिसमें 51 सिलाई प्रशिक्षण में शामिल महिला एवं 21 ब्यूटीपार्लर की ट्रेनिंग लेने वाली महिलाओं को विशेष उपहार के साथ सम्मानित किया गया। बीते एक 01 अक्टूबर से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण केन्द्र संजय मैदान में आयोजित किया गया था जहां दो घंटे की ट्रेनिंग महिलाओं को दी जा रही थी। दिव्य शक्ति संस्था का एकमात्र उद्देश्य यह था कि संजय मैदान व आसपास के क्षेत्र में रहने वाली महिलाएं अपने आपको आत्म निर्भर बना सकें और बढ़ती महंगाई से घर के बिगड़ते बजट से निपटने के लिए भी प्रेरित हो सके। इसी सोंच के साथ दिव्य शक्ति प्रमुख कविता बेरीवाल ने केवल महिलाओं एवं युवतियां के लिए भी सिलाई प्रशिक्षण व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण देने के लिए अपनी योजना बनाई थी और संजय मैदान स्थित एक विवेकानंद स्कूल में संचालक शंकर अग्रवाल व उनकी पत्नी सुनिता अग्रवाल की देखरेख में रिजवाना खान ने ट्रेनिंग देना शुरू किया था। माह भर हुई इस ट्रेनिंग में महिलाओं व युवतियां ने सिलाई व ब्यूटी पार्लर की बारिकीयों को न केवल सीखा बल्कि उनमें से अधिकांश महिलाएं व युवतियां अब खुद का व्यवसाय खोलने के लिए आगे आने के लिए तैयार हैं।

### महिलाएं व युवतियां बन रही आत्मनिर्भर

**दिव्य शक्ति ने बदलते दौर में महिलाओं के सम्मान व उनके खुद के व्यवसाय करने की सोंच के साथ यह प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किया था इससे पहले स्थानीय राजमहल परिसर में दो माह तक चले सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में 70 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लेकर दिव्य शक्ति द्वारा दी गई ट्रेनिंग का न केवल लाभ उठाया था बल्कि ट्रेनिंग के बाद अब कुछ युवतियां व महिलाएं घर में ही सिलाई का व्यवसाय कर रही है।**

### प्रतिभा की धनी है विनीता सिंह- कविता

**अब संजय मैदान में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं व युवतियां भी कविता बेरीवाल को साधुवाद देते हुए उनकी सोंच को सराहनीय पहल बता रही हैं। संजय मैदान में एक महिला विनीती सिंह ऐसी प्रतिभा की धनी थी जिसने पूरे प्रशिक्षण के दौरान अपनी वो छाप छोड़ी जिसे देखकर बाकी महिलाएं भी चकित रह गई।**

## सारंगढ़ चुनावी समर : किसका चलेगा सिक्का ....!

**(न्याय साक्षी ब्यूरो,नरेश चौहान)**

**रायगढ़। विधानसभा चुनाव को लेकर सारंगढ़ क्षेत्र में हड़कंप सी मची हुई है हर चौक चौराहे में चुनावी गुप्तगु की शुरुआत हो चुकी है। सारंगढ़ विधानसभा अनुसूचित जाति बहुमूल्य क्षेत्र है कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 2 लाख 49 हजार है अभी की स्थिति में चुनाव को त्रिकोणी रूप से देखा जा रहा है (भाजपा, कांग्रेस, बसपा) भाजपा ने वर्तमान विधायक केराबाई मनहर को फिर से एक मौका दिया है सारंगढ़ की रणभूमि में जीत हासिल करने के लिए तो वही कांग्रेस पार्टी ने भी उत्तरी जांगड़े को रणभूमि में उतार चुकी है।**





बसपा ने भी युवा प्रत्याशी अरविंद खटकर को लाकर खड़ा कर दिया है जो वर्तमान में जिला जनपद सदस्य (सभापति) हैं ऐसे स्थिति में इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प होगा,संघर्ष है दो महिला एक पुरूष के बीच।

हमारे संवाददाता के अनुसार उत्तरी जांगड़े के नाम से लोंगों में काफी आनंद एवं उत्साह है और सारंगढ़ का एक रिवाज भी है चाहें कोई भी पार्टी का हो एक बार ही पद पर काबिज रहता है, दूसरी बार बिल्कुल भी उसे अवसर नहीं मिलता जनता जनार्दन ही फैसला कर देती है। ऐसी स्थिति में भाजपा प्रत्याशी वर्तमान विधायक केराबाई मनहर पुरानी परंपरा को तोड़कर क्या विजय हासिल कर पायेगी या फिर से दूसरी पार्टी को अवसर प्रदान होगा।

वहीं बसपा को लोग जातिवाद पार्टी के रूप में देख रहे हैं ऐसे स्थितियों में पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग में आने वाले लोगों का सहयोग पाना मुश्किल सा लग रहा है 25-30 वर्ष पीछे जाये तो सारंगढ़ में बसपा अहम भूमिका निभाती थी बसपा का ही परचम लहराया करता था लेकिन वक्त बदल चुकी है वर्ष बदल चुकें हैं लोग बदल चुकें हैं अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या अरविंद खटकर बसपा को जीत हासिल करा कर 25-30 वर्षों पूर्व की परम्परा को फिर जीवित करवा पाते हैं अरविंद खटकर ने 4 महीनों से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है चुनाव को लेकर काफी मेहनत करते नजर आ रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी से हाल ही में उत्तरी जांगड़े का नाम फाइनल हुआ है पिछले चार सालों से जनपद में जुड़े लोगों से सम्पर्क साधकर अपनी रणनीति तैयार कर चुकी है और लोगों में विधायक को लेकर बदलाव का माहौल बना हुआ है टिकट फाइनल होने से पहले जनता में भी एक ही मांग थी नया चेहरा, ऐसे स्थिति में कांग्रेस पार्टी ने लोगों की आवाज सुनकर नया चेहरे के रूप में उत्तरी जांगड़े को रणभूमि में उतारा है आपको बता दें उत्तरी जांगड़े अपनी राजनीतिक कैरियर सरपंच बनकर सीढ़ी दर सीढ़ी आगे बढ़ रही है सरपंच के बाद जनपद अध्यक्ष और उसके बाद विधानसभा के लिए टिकट का फाइनल हो जाना उचित योग को दर्शाता है।

तीनों ही उम्मीदवार अपनी-अपनी जगह में परिपक्व है। सारंगढ चुनावी समर में अब देखना है जनता जनता-जनार्दन किसको अपने विधायक के रूप में देखना चाहती है।




## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931